केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ

''लाभार्थियों से रूबरू''

कार्यक्रम

झारखंड में निर्मित पीएम आवास के सुंदरता व भव्यता को देखकर हुए मोहित, कहा-झारखंड के लाभुकों ने तोड़ दी पूर्व से बनी अवधारणाएं

झारखंड की महिलाओं से रु-ब-रु हुए केंद्रीय सचिव मनोज जोशी

रांची. केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी की अध्यक्षता मे गुरुवार को लाभार्थियो का रूबरू कार्यक्रम हुआ. रांची नगर निगम एवं बुंडू नगर पंचायत की महिला लाभार्थियो ने केंद्रीय सचिव अपना अनुभव साझा किया. सचिव ने महिला लाभार्थियो को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया . सचिव ने राज्य मे प्रधानमंत्री आवास योजना अर्बन के तहत बने सुंदर आवास देख खुशी जाहिर की . कार्यक्रम मे राज्य के दो नगर निकायो के लाभार्थी दो लाभार्थियो के साथ आवास निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओ पर विस्तारपूर्वक बात की . सचिव ने नगर निगम से चयनित मनीषा कच्छप व बुंडू की मामोनी पाल से बातचीत की . निर्माण कार्य की प्रगति एवं जीविकोपार्जन संबंधी बिन्दुओ पर की चर्चा हुई . उनकी समस्याओ को भी सचिव ने गंभीरता से सुना तथा उनका समाधान निकालने संबंधी कुछ सुझाव भी दिया .

प्रधानमंत्री आवास की भव्यता देख मुग्ध हुए केंद्रीय सचिव

प्रधानमंत्री अबास योजना के लाभुकों से केंद्रीय सचिव ने बात की, कहा- झारखंड के सुंदर व भव्य आवास ने तोड़ दी अवधारणा

... रांची : झारखंड में
... आवास योजना के
... केंद्रीय सचिव ने गुरुवार
... की और इस दौरान उन्होंने
... से बने भवनों की भव्यता
... प्रशंसा की। लाभुकों से
... कार्यक्रम में झारखंड के रांची
... गम और बुंडू नगर पंचायत
... ला लाभार्थियों ने अपनी बात
... सचिव के सामने रखी। यह
... म आजादी का अमृत महोत्सव
... त आयोजित किया गया था।
... नमंत्री आवास योजना
...) के तहत भारत सरकार के
... सन और शहरी कार्य मंत्रालय के
... व मनोज जोशी ने राष्ट्रीय स्तर
... लाभुकों से बातचीत की। वीडियो
... क्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित
... र्यक्रम में रांची नगर निगम से
... यनित मनीषा कच्छप एवं बुंडू नगर
... चायत से चयनित मामोनी पाल से
... केंद्रीय सचिव ने बातचीत की। इस
... दौरान नगरीय प्रशासन निदेशालय की
... निदेशक विजया जाधव और अन्य
अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय सचिव ने मकान के निर्माण से संबंधित बातों पर विस्तार से चर्चा की। अधिसंख्य लाभुकों ने यही बताया कि कोविड के कारण परेशानी हुई और रोजी-रोटी प्रभावित होने की बात भी कही।

रूबरू कार्यक्रम के दौरान सचिव ने चयनित महिला लाभार्थियों के नवनिर्मित आवास का वीडियो के माध्यम से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से पानी, बिजली एवं आवास से जुड़े आवश्यक विषयों पर भी चर्चा की। इसके उपरांत आकर्षक व भव्य तथा सुंदर व स्वच्छ घर को देखकर उन्होंने काफी प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि इस योजना से निर्मित आवास इतने सुंदर व भव्य नहीं होते थे लेकिन, झारखंड ने उनकी पूर्व की अवधारणा को तोड़ दिया।

मिला पक्का मकान, बढ़ा मान-सम्मान

महिला लाभार्थियों ने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि आवास निर्माण से पूर्व कच्चा मकान में रहने के दौरान बच्चों को लालन-पालन करने में काफी दिक्कतें आ रही थी। जैसे ही आवास बनकर तैयार हुआ सामाजिक, आर्थिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ता मिलने लगी। केंद्रीय सचिव ने महिला लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार